भारत सरकार

संस्कृति मंत्रालय

राष्ट्रीय संस्मारक प्राधिकरण

GOVERNMENT OF INDIA
MINISTRY OF CULTURE
NATIONAL MONUMENTS AUTHORITY



निजामुद्दीन बस्ती स्मारक समूह के लिये विरासत उपनियम

Heritage Byelaws for Nizamuddin Basti group of monuments

विषय वस्तु		
अध्याय I **प्रारंभिक**		
1.0	संक्षिप्त नाम विस्तार और प्रारंभ	01
1.1	परिभाषाएं	01
अध्याय II **प्राचीन संस्मारक तथा पुरातत्वीय स्थल और अवशेष अधिनियम,1958 की पृष्ठभूमि**		
2.0	अधिनियम की पृष्ठभूमि	04
2.1	धरोहर उप नियमों से संबंधित अधिनियम के उपबंध	04
2.2	आवेदक के अधिकार और जिम्मेदारियां (नियमों के अनुसार)	05
अध्याय III **केंद्रीय संरक्षित स्मारक निजामुद्दीन बस्ती स्मारक समूह का स्थान एवं अवस्थिति**		
3.0	स्मारक का स्थान एवं अवस्थिति	05
3.1	स्मारक की संरक्षित चारदीवारी	07
	3.11 भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण अभिलेखके अनुसार अधिसूचना मानचित्र / योजना:	07
3.2	स्मारक का इतिहास	08
3.3	स्मारक का विवरण (वास्तुकला विशेषताएं, तत्व, सामग्री आदि)	10
3.4	वर्तमान स्थिति	18
	3.4.1 स्मारक की स्थिति- स्थिति का आकलन	18
	3.4.2 प्रत्येक दिन और कभी-कभी एकत्र होने वाले आगंतुकों की संख्या	19
अध्याय IV **स्थानीय क्षेत्र विकास योजना में, यदि कोई है, तो विद्यमान क्षेत्रीयकरण**		
4.0	स्थानीय क्षेत्र विकास योजना में विद्यमान क्षेत्रीकरण	19
4.1	दिल्ली महायोजना(मास्टर प्लान)2021 के अनुसार स्थानीय निकायों को वर्तमान दिशा-निर्देश (संलग्नकI)	21
अध्याय V **प्रथम अनुसूची, और कुल स्टेशन सर्वेक्षणके अनुसार सूचना**		
5.0	स्मारकों की समोच्च योजना	21
5.1	सर्वेक्षण किए गए विवरण का विश्लेषण	21
	5.1.1 प्रतिषिद्ध क्षेत्र और विनियमित क्षेत्र का विवरण	21
	5.1.2 निर्मित क्षेत्र का विवरण	22
	5.1.3 हरे/खुले स्थलों का विवरण	22

	5.1.4 परिसंचरण सड़कों, पगडंडियों (फुटपाथों) आदि के अंतर्गत आवृत्त क्षेत्र	22
	5.1.5 भवनों की ऊंचाई (क्षेत्रवार)	22
	5.1.6 राज्य संरक्षित स्मारक और सूचीबद्ध विरासत भवन	23
	5.1.7 जन सुविधाएं	23
	5.1.8 स्मारक तक पहुँच	23
	5.1.9 अवसंरचनात्मक सेवाएं	24
	5.1.10प्रस्तावित क्षेत्रीकरण (स्थानीय निकाय के दिशा निर्देशों के अनुसार क्षेत्र)	24
	अध्याय VI **स्मारक का स्थापत्य, ऐतिहासिक और पुरातात्विक मूल्य**	
6.0	ऐतिहासिक और पुरातात्विक मूल्य	25
6.1	स्मारक की संवेदनशीलता	26
6.2	संरक्षित स्मारक अथवा क्षेत्र से और विनियमित क्षेत्र से दिखाई देने वाला दृश्य	26
6.3	भूमि के उपयोग की पहचान	27
6.4	संरक्षित स्मारक (कों) के अतिरिक्त पुरातात्विक धरोहर अवशेष	27
6.5	सांस्कृतिक दृश्यावली	27
6.6	महत्वपूर्ण प्राकृतिक दृश्यावली	28
6.7	खुले स्थान का उपयोग और निर्माण-कार्य	28
6.8	परंपरागत, ऐतिहासिक और सांस्कृतिक कार्यकलाप	28
6.9	स्मारक और विनियमित क्षेत्रों से दिखाई देने वाला क्षितिज	28
6.10	स्थानीय वास्तुकला	28
6.11	स्थानीय प्राधिकरण द्वारा उपलब्ध विकासात्मक आयोजना	28
6.12	भवन संबंधी प्राचल (पैरामीटर)	29
6.13	पर्यटक सुविधाएं	29
	अध्याय VII **स्थल विशिष्ट संस्तुतियां**	
7.1	स्थानीय प्रशासन और विरासत प्रबंधन	30
7.2	अन्य स्थल विशिष्ट संस्तुतियॉ	30

CONTENTS

CHAPTER I **PRELIMINARY**		
1. 0	Notification and Short title, Extent and Commencement	32
1. 1	Definitions	32
CHAPTER II **BACKGROUND OF THE ANCIENT MONUMENTS AND ARCHAEOLOGICAL SITES AND REMAINS (AMASR) ACT, 1958**		
2.0	Background of the Act	35
2.1	Provision of Act related to Heritage Bye-Laws	35
2.2	Rights and Responsibilities of Applicant(as laid down in Rules)	35
CHAPTER III **LOCATION AND SETTING OF CENTRALLY PROTECTED MONUMENTS OF NIZAMUDDIN BASTI GROUP OF MONUMENTS**		
3.0	Location and Setting of the Monuments	36
3.1	Protected boundary of the Monuments	37
	3.1.1 Notification Map/ Plan as per ASI records:	37
3.2	History of the Monuments	38
3.3	Description of Monuments (Architectural features, Elements, Materials etc.)	40
3.4	Current Status:	
	3.4.1 Condition of Monuments – condition assessment	47
	3.4.2 Daily footfalls and Occasional gathering numbers	47
CHAPTER IV **EXISTING ZONING, IF ANY, IN THE LOCAL AREA DEVELOPMENT PLAN**		
4.0	Existing Zoning in the local area development plans	48
4.1	Existing Guidelines of the local bodies as per Delhi Master Plan 2021(Annexure-I)	49
CHAPTER V **INFORMATION AS PER FIRST SCHEDULE AND TOTAL STATION SURVEY**		
5.0	Contour Plan of the Monuments	49
5.1	Analysis of surveyed data:	49
	5.1.1 Prohibited Area and Regulated Area details	49
	5.1.2 Description of built up area	50
	5.1.3 Description of green/open spaces	50

	5.1.4 Area covered under circulation – roads, footpaths etc.	50
	5.1.5 Height of buildings (zone-wise)	50
	5.1.6 State protected monuments and listed Heritage Buildings	51
	5.1.7 Public amenities	51
	5.1.8 Access to monuments	51
	5.1.9 Infrastructure services	51
	5.1.10 Proposed zoning of the	52
	CHAPTER VI **ARCHITECTURAL, HISTORICAL AND ARCHAEOLOGICAL VALUE OF THE MONUMENT**	
6.0	Historical and archaeological value	52
6.1	Sensitivity of the monuments	53
6.2	Visibility from the protected monuments or area and visibility from Regulated Area	53
6.3	Land-use to be identified	54
6.4	Archaeological heritage remains other than protected monuments	54
6.5	Cultural landscapes	54
6.6	Significant natural landscapes	54
6.7	Usage of open space and constructions	55
6.8	Traditional, historical and cultural activates	55
6.9	Skyline as visible from the monuments and from Regulated Areas	55
6.10	Vernacular architecture	55
6.11	Developmental plan as available by the local authorities	55
6.12	Building related parameters	55
6.13	Visitor facilities and amenities	56
	CHAPTER VII **SITE SPECIFIC RECOMMENDATIONS**	
7.1	Local governance and Heritage Management	56
7.2	Other Site Specific Recommendations	57

	संलग्नक / ANNEXURES	
संलग्नक- I	स्थानीय निकाय दिशानिर्देश	59
Annexure- I	Local Bodies Guidelines	62
संलग्नक- II	ऊँचाई विश्लेषण	64
Annexure- II	Height cloud Analysis	64
संलग्नक- III	दृश्य विश्लेषण	66
Annexure- III	Visual Analysis	66
संलग्नक- IV	निजामुद्दीन बस्ती स्मारक समूह में स्मारकों के लिए विस्तृत जानकारी प्रदान करने वाले मानचित्र	68
Annexure- IV	Maps providing detailed information for Monuments in Nizamuddin Basti group of monuments	69

भारत सरकार
संस्कृति मंत्रालय
राष्ट्रीय संस्मारक प्राधिकरण

.....

प्राचीन संस्मारक तथा पुरातत्वीय स्थल और अवशेष अधिनियम,1958 जिसे प्राचीन संस्मारक और पुरातत्वीय स्थल और अवशेष (धरोहर उप नियम बनाना और सक्षम प्राधिकारी के अन्य कार्य) नियम, 2011 के नियम (22) के साथ पढ़ा जाए, की धारा 20ङ द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए केन्द्रीय संरक्षित स्मारक निजामुद्दीन बस्ती स्मारक समूह के लिए निम्नलिखित प्रारूप धरोहर उप नियम जिन्हें आगा खाँ संस्कृति न्यास के साथ परामर्श करके सक्षम प्राधिकारी द्वारा तैयार किया गया है, राष्ट्रीय संस्मारक प्राधिकरण (प्राधिकरण के अध्यक्ष और सदस्यों की सेवा शर्तें और कार्य निष्पादन) नियम, 2011 के नियम 18, उप नियम (2) द्वारा यथा अपेक्षित सभी व्यक्तियों की आपत्ति और सुझाव आमंत्रित करने के लिए एतत् द्वारा 25.02.2019 को प्रकाशित किया गया था।

यथा विनिर्दिष्ट दिनांक से पहले प्राप्त आपत्ति/सुझाव, पर सक्षम प्राधिकारी के परामर्श से राष्ट्रीय संस्मारक प्राधिकरण द्वारा विधिवत विचार किया गया है।

इसलिए, अब प्राचीन संस्मारक तथा पुरातत्वीय स्थल और अवशेष अधिनियम, 1958 की धारा 20 (ई) के खंड (5) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये, राष्ट्रीय संस्मारक प्राधिकरण, निम्नलिखित उपनियम बनाता है, नामत: -

धरोहर उप नियम
अध्याय-I
प्रारंभिक

1.0 संक्षिप्त नाम, विस्तार और प्रारंभ-

(i) इन उप नियमों को केंद्रीय संरक्षित स्मारक निजामुद्दीन बस्ती स्मारक समूह के राष्ट्रीय संस्मारक प्राधिकरण धरोहर उप नियम,2019 कहा जाएगा।
(ii) ये स्मारक के सम्पूर्ण प्रतिषिद्ध और विनियमित क्षेत्र तक लागू होंगे।
(iii) ये उनके प्रकाशन की तारीख से लागू होंगे।

1.1 परिभाषाएँ-

(1) **इन उप नियमों में, जब तक कि संदर्भ से अन्यथा अपेक्षित न हो**:-

(क) "प्राचीन संस्मारक" से कोई संरचना, रचना या संस्मारक, या कोई स्तूप या दफ़नगाह,या कोई गुफा,शैल-रूपकृति,उत्कीर्ण लेख या एकाश्मक जो ऐतिहासिक, पुरातत्वीय या कलात्मक रूचि का है और जो कम से कम एक सौ वर्षों से विद्यमान है, अभिप्रेत है, और इसके अंतर्गत हैं-

(i) किसी प्राचीन संस्मारक के अवशेष,
(ii) किसी प्राचीन संस्मारक का स्थल,
(iii) किसी प्राचीन संस्मारक के स्थल से लगी हुई भूमि का ऐसा प्रभाग जो ऐसे संस्मारक को बाड़ से घेरने या आच्छादित करने या अन्यथा परिरक्षित करने के लिए अपेक्षित हो, तथा
(iv) किसी प्राचीन संस्मारक तक पहुंचने और उसके सुविधापूर्ण निरीक्षण के साधन;

(ख) "पुरातत्वीय स्थल और अवशेष" से कोई ऐसा क्षेत्र अभिप्रेत है, जिसमें ऐतिहासिक या पुरातत्वीय महत्व के ऐसे भग्नावशेष या परिशेष हैं या जिनके होने का युक्तियुक्त रूप से विश्वास किया जाता है, जो कम से कम एक सौ वर्षों से विद्यमान है, और इनके अंतर्गत हैं-

(i) उस क्षेत्र से लगी हुई भूमि का ऐसा प्रभाग जो उसे बाड़ से घेरने या आच्छादित करने या अन्यथा परिरक्षित करने के लिए अपेक्षित हो, तथा
(ii) उस क्षेत्र तक पहुंचने और उसके सुविधापूर्ण निरीक्षण के साधन;

(ग) "अधिनियम" से आशय प्राचीन संस्मारक तथा पुरातत्वीय स्थल और अवशेष अधिनियम,1958 (1958 का 24) है;

(घ) "पुरातत्व अधिकारी" से भारत सरकार के पुरातत्व विभाग का कोई ऐसा अधिकारी अभिप्रेत है, जो सहायक पुरातत्व अधीक्षक से निम्नतर पंक्ति का नहीं है;

(ङ) "प्राधिकरण" से धारा 20च के अधीन गठित राष्ट्रीय संस्मारक प्राधिकरण अभिप्रेत है;

(च) "सक्षम प्राधिकारी" से केंद्रीय सरकार या राज्य सरकार के पुरातत्व निदेशक या पुरातत्व आयुक्त की पंक्ति से अनिम्न या समतुल्य पंक्ति का ऐसा अधिकारी अभिप्रेत है, जो इस अधिनियम के अधीन कृत्यों का पालन करने के लिए केंद्रीय सरकार द्वारा, राजपत्र में अधिसूचना द्वारा, सक्षम प्राधिकारी के रूप में विनिर्दिष्ट किया गया हो:

परन्तु केंद्रीय सरकार राजपत्र में अधिसूचना द्वारा, धारा 20ग, 20घ और 20ङ के प्रयोजन के लिए भिन्न भिन्न सक्षम प्राधिकारी विनिर्दिष्ट कर सकेगी;

(छ) "निर्माण" से किसी संरचना या भवन का कोई परिनिर्माण अभिप्रेत है, जिसके अंतर्गत उसमें ऊर्ध्वाकार या क्षैतिजीय कोई परिवर्धन या विस्तारण भी है, किन्तु इसके अंतर्गत किसी विद्यमान संरचना या भवन का कोई पुर्ननिर्माण, मरम्मत और नवीकरण या नालियों और जल निकास संकर्मों तथा सार्वजनिक शौचालयों- मूत्रालयों और इसी प्रकार की सुविधाओं का निर्माण, अनुरक्षण और सफाई या जनता के लिए जल के प्रदाय का उपबंध करने के लिए आशयित संकर्मों का निर्माण और अनुरक्षण या जनता के लिए विद्युत के प्रदाय और वितरण के लिए निर्माण या अनुरक्षण, विस्तारण, प्रबंध या जनता के लिये इसी प्रकार की सुविधाओं के लिए उपबंध नहीं हैं;]

(ज) "तल क्षेत्र अनुपात (एफ.ए.आर.) से आशय सभी तलों के कुल आवृत्त क्षेत्र का (पीठिका क्षेत्र) भूखंड (प्लाट) के क्षेत्रफल से भाग करके प्राप्त होने वाले भागफल से अभिप्रेत है;
तल क्षेत्र अनुपात= भूखंड क्षेत्र द्वारा विभाजित सभी तलों का कुल आवृत्त क्षेत्र;

(झ) "सरकार" से आशय भारत सरकार है;

(ञ) अपने व्याकरणिक रूपों और सजातीय पदों सहित "अनुरक्षण" के अंतर्गत हैं किसी संरक्षित संस्मारक को बाड़ से घेरना, उसे आच्छादित करना, उसकी मरम्मत करना, उसे पुनरूद्धार करना और उसकी सफाई करना, और कोई ऐसा कार्य करना जो किसी संरक्षित संस्मारक के परिरक्षण या उस तक सुविधापूर्ण पहुॅच सुनिश्चित करने के प्रयोजन के लिए आवश्यक है;

(ट) "स्वामी" के अंतर्गत हैं-

(i) संयुक्त स्वामी जिसमें अपनी ओर से तथा अन्य संयुक्त स्वामियों की ओर से प्रबंध करने की शक्तियॉ निहित हैं और किसी ऐसे स्वामी के हक- उत्तराधिकारी, तथा

(ii) प्रबंध करने की शक्तियों का प्रयोग करने वाला कोई प्रबंधक या न्यासी और ऐसे किसी प्रबंधक या न्यासी का पद में उत्तरवर्ती;

(ठ) "परिरक्षण" से आशय किसी स्थान की विद्यमान स्थिति को मूलरूप से बनाए रखना और खराब स्थिति को धीमा करना है;

(ड) "प्रतिषिद्ध क्षेत्र" से धारा 20क के अधीन प्रतिषिद्ध क्षेत्र के रूप में विनिर्दिष्ट क्षेत्र या घोषित किया गया कोई क्षेत्र अभिप्रेत है;]

(ढ) "संरक्षित क्षेत्र" से कोई ऐसा पुरातत्वीय स्थल और अवशेष अभिप्रेत है, जिसे इस अधिनियम के द्वारा या अधीन राष्ट्रीय महत्व का होना घोषित किया गया है;

(ण) "संरक्षित संस्मारक" से कोई ऐसा प्राचीन संस्मारक अभिप्रेत है, जिसे इस अधिनियम के द्वारा या अधीन राष्ट्रीय महत्व का होना घोषित किया गया है;

(त) "विनियमित क्षेत्र" से धारा 20ख के अधीन विनिर्दिष्ट या घोषित किया गया कोई क्षेत्र अभिप्रेत है;

(थ) "पुर्ननिर्माण" से किसी संरचना या भवन का उसकी पूर्व विद्यमान संरचना में ऐसा कोई परिनिर्माण अभिप्रेत है, जिसकी समान क्षैतिजीय और ऊर्ध्वाकार सीमाएँ हैं;

(द) "मरम्मत और नवीकरण" से किसी पूर्व विद्यमान संरचना या भवन के परिवर्तन अभिप्रेत हैं, किन्तु इसके अंतर्गत निर्माण या पुर्ननिर्माण नहीं होंगे।]

(2) यहां प्रयोग किए शब्द और अभिप्राय जो परिभाषित नहीं हैं उनका वही अर्थ होगा जो अधिनियम में दिया गया है।

अध्याय II

प्राचीन संस्मारक और पुरातत्वीय स्थल और अवशेष अधिनियम,1958 की पृष्ठभूमि

2.0 अधिनियम की पृष्ठभूमि: धरोहर उपनियमों का उद्देश्य केंद्रीय संरक्षित स्मारकों की सभी दिशाओं में 300 मीटर के अंदर भौतिक, सामाजिक और आर्थिक दखल के बारे में मार्गदर्शन देना है। 300 मीटर के क्षेत्र को दो भागों में बॉटा गया है (i) **प्रतिषिद्ध क्षेत्र,** यह क्षेत्र संरक्षित क्षेत्र अथवा संरक्षित स्मारक की सीमा से शुरू होकर सभी दिशाओं में 100 मीटर की दूरी तक फैला है और (ii) **विनियमित क्षेत्र,** यह क्षेत्र प्रतिषिद्ध क्षेत्र की सीमा से शुरू होकर सभी दिशाओं में 200 मीटर की दूरी तक फैला है।

अधिनियम के उपबंधों के अनुसार, कोई भी व्यक्ति संरक्षित क्षेत्र और प्रतिषिद्ध क्षेत्र में किसी प्रकार का निर्माण अथवा खनन का कार्य नहीं कर सकता जबकि ऐसा कोई भवन अथवा संरचना जो प्रतिषिद्ध क्षेत्र में 16 जून,1992 से पूर्व मौजूद था अथवा जिसका निर्माण बाद में महानिदेशक, भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण की अनुमति से हुआ था, विनियमित क्षेत्र में किसी भवन अथवा संरचना निर्माण, पुर्ननिर्माण, मरम्मत अथवा नवीकरण की अनुमति सक्षम प्राधिकारी से लेना अनिवार्य है।

2.1 धरोहर उप नियमों से संबंधित अधिनियम के उपबंध: प्राचीन संस्मारक तथा पुरातत्वीय स्थल और अवशेष अधिनियम,1958, खंड 20ङ और प्राचीन संस्मारक तथा पुरातत्वीय स्थल और अवशेष धरोहर उप नियमों का निर्माण और सक्षम प्राधिकारी के अन्य कार्य) नियम)2011, नियम 22 में केंद्रीय संरक्षित स्मारकों के लिए उप नियम बनाना विनिर्दिष्ट है। नियम में धरोहर उप नियम बनाने के लिए मापदंडों का प्रावधान है। राष्ट्रीय संस्मारक प्राधिकरण

(अध्यक्ष और सदस्यों की सेवा शर्ते तथा कार्य संचालन) नियम,2011, नियम 18 में प्राधिकरण द्वारा धरोहर उप नियमों को अनुमोदन की प्रक्रिया विनिर्दिष्ट है।

2.2 आवेदक के अधिकार और जिम्मेदारियॉ: प्राचीन संस्मारक तथा पुरातत्वीय स्थल और अवशेष अधिनियम, धारा 20ग,1958 में प्रतिषिद्ध क्षेत्र में मरम्मत और नवीकरण अथवा विनियमित क्षेत्र में निर्माण अथवा पुनर्निर्माण अथवा मरम्मत या नवीकरण के लिए आवेदन का विवरण नीचे दिए गए विवरण के अनुसार विनिर्दिष्ट है:

(क) कोई व्यक्ति जो किसी ऐसे भवन अथवा संरचना का स्वामी है जो 16 जून,1992 से पहले प्रतिषिद्ध क्षेत्र में मौजूद था अथवा जिसका निर्माण इसके उपरांत महानिदेशक के अनुमोदन से हुआ था तथा जो ऐसे भवन अथवा संरचना का किसी प्रकार की मरम्मत अथवा नवीकरण का काम कराना चाहता है, जैसा भी स्थिति हो, ऐसी मरम्मत और नवीकरण को कराने के लिए सक्षम प्राधिकारी को आवेदन कर सकता है।

(ख) कोई व्यक्ति जिसके पास किसी विनियमित क्षेत्र में कोई भवन अथवा संरचना अथवा भूमि है और वह ऐसे भवन अथवा संरचना अथवा जमीन पर कोई निर्माण, अथवा पुननिर्माण अथवा मरम्मत अथवा नवीकरण का कार्य कराना चाहता है, जैसी भी स्थिति हो, निर्माण अथवा पुर्ननिर्माण अथवा मरम्मत अथवा नवीकरण के लिए सक्षम प्राधिकारी को आवेदनकर सकता है।

(ग) सभी संबंधित सूचना प्रस्तुत करने तथा राष्ट्रीय संस्मारक प्राधिकरण (प्राधिकरण के अध्यक्ष तथा सदस्यों की सेवा की शर्तें और कार्यप्रणाली) नियम,2011 के अनुपालन की जिम्मेदारी आवेदक की होगी।

अध्याय III

नई दिल्ली स्थित केंद्रीय स्मारक निजामुद्दीन बस्ती स्मारक समूह की अवस्थिति

3.0 स्मारकों की अवस्थिति -

निज़ामुद्दीन बस्ती के अधिकांश स्मारक, हुमायूँ के मकबरे सहित हज़रत निज़ामुद्दीन औलिया की दरगाह (धर्मस्थल) पर स्थित हैं। संत की दरगाह के आसपास एक बस्ती बन गई, और कई महत्वपूर्ण मकबरे की संरचनाएँ भी यहाँ बनाई गईं, जैसे कि चौसठ खम्भा, बारह खम्भा, अतगा खान का मकबरा और हजरत निजामुद्दीन बावली। इन स्मारकों के अलावा, बस्ती में कई अन्य छोटे मकबरे की संरचनाएँ, प्रवेश द्वार और अहाते देखे जा सकते हैं। निज़ामुद्दीन बस्ती मध्य दिल्ली में मथुरा रोड और लोदी रोड के चौराहे पर स्थित है और यह लोदी रोड मथुरा रोड और लाला लाजपत राय मार्ग से क्रमशः इसके उत्तर, पूर्व और पश्चिम की ओर से घिरी हुई है। दक्षिण में, बस्ती सुनेहरी और बारापुला नाला से घिरी हुई है।

बस्ती में 10 केंद्रीय संरक्षित स्मारक और कई विरासत भवन हैं जो दिल्ली नगर निगम द्वारा सूचीबद्ध किए गए हैं। बस्ती में 10 स्मारकों में से, पाँच स्मारकों अर्थात् निजामुद्दीन औलिया का मकबरा, जहाँआरा बेगम की कब्र, मिर्जा जहाँगीर की कब्र, मोहम्मद शाह की कब्र और अमीर खुसरो का मकबरा, दरगाह परिसर के भीतर स्थित हैं। बारह खंभा मकबरा लोदी रोड के किनारे दिल्ली विकास प्राधिकरण पार्क के भीतर स्थित है और चौसठ खंभा और ग़ालिब की मजार मथुरा रोड से दरगाह की मुख्य पहुँच के साथ एक दूसरे के निकट हैं। दरगाह परिसर, अतगा खान का मकबरा और बावड़ी बस्ती के केंद्र में एक दूसरे के करीब स्थित हैं



'रेखाचित्र1, गूगल मैप मे प्रदर्शित केंद्रीय संरक्षित स्मारक' निज़ामुद्दीन बस्ती स्मारक समूह के स्थान'

इस क्षेत्र में केंद्र द्वारा संरक्षित स्मारकों की सूची नीचे दी गई है:

समूह	क्रमांक	पहचान	स्मारकों के नाम
निज़ामुद्दीन बस्ती	1	a2	बावड़ी निजामुद्दीन
	2	a16	चौसठ खम्भा
	3	a29	गालिब की मजार
	4	a17	बारह खम्भा मकबरा
	5	a26	अतगा खान का मकबरा
	6	a18	जहाऑरा बेगम की कब्र
	7	a19	मिर्जा जहॉगीर की कब्र
	8	a20	मोहम्मद शाह की कब्र
	9	a3	अमीर खुसरो का मकबरा
	10	a5	निजामुद्दीन औलिया का मकबरा (दरगाह)

तालिका 1: निज़ामुद्दीन बस्ती स्मारक समूह के स्मारकों की सूँची

3.1 स्मारकों की संरक्षित सीमा:

स्मारकों के निजामुद्दीन बस्ती समूह में केंद्र संरक्षित स्मारकों की स्थान और संरक्षित सीमाएं संलग्नक iv में मानचित्र -1 और मानचित्र -2 में देखी जा सकती हैं।

3.1.1 भारतीय पुरातत्व विभाग के अभिलेख के अनुसार अधिसूचना मानचित्र / योजना:

इस क्षेत्र में कुल दस केंद्रीय संरक्षित स्मारक मौजूद हैं। स्थान और उनकी सूचनाओं की तिथि नीचे प्रस्तुत की गई है।

क्रमांक	पहचान	स्मारक	पहचान की तारीख	पहचान संख्या	स्थान
1	a2	बावड़ी निजामुद्दीन	जून 24, 1925	3925	दरगाह के उत्तर में निजामुद्दीन ग्राम
2	a16	चौसठ खम्भा	जुलाई 21, 1916	5010	निजामुद्दीन ग्राम
3	a29	गालिब की मजार	सितंबर 28, 2005	1423	निजामुद्दीन ग्राम
4	a17	बाराखम्भा मकबरा	जुलाई 21, 1916	5010	निजामुद्दीन ग्रामका उत्तरी छोर
5	a26	अतगा खान का मकबरा	दिसंबर10, 1925	7340	दरगाह परिसर के पूर्व मे निजामुद्दीन
6	a18	जहॉआरा बेगम की कब्र	जुलाई21, 1916	5010	दरगाह परिसर निजामुद्दीन
7	a19	मिर्जा जहॉगीर की कब्र	जुलाई 21, 1916	5010	दरगाह परिसर निजामुद्दीन
8	a20	मोहम्मद शाह की कब्र	जुलाई 21, 1916	5010	दरगाह परिसर निजामुद्दीन
9	a3	अमीर खुसरो का मकबरा	जून 24, 1925	3925	दरगाह परिसर निजामुद्दीन
10	a5	निजामुद्दीन औलिया का मकबरा (दरगाह)	जून 24, 1925	3925	दरगाह परिसर निजामुद्दीन

तालिका 2: अधिसूचित क्षेत्र और स्मारकों का स्थान

3.2 स्मारकों/ स्थल का इतिहास:

निजामुद्दीन क्षेत्र, जिसमें हज़रत निज़ामुद्दीन बस्ती-हुमायूं का मकबरा परिसर-सुंदर नर्सरी-बताशेवाला परिसर-निज़ामुद्दीन के पूर्व और पश्चिम में आवासीय क्षेत्र शामिल है आज भारत में कहीं भी मध्ययुगीन इस्लामिक इमारतों के सबसे घने स्थापत्य कला विशिष्ट समूह में एक है। यह क्षेत्र सात सौ वर्षों की जीवंत संस्कृति जो अपनी विविध परंपराओं से जानी जाती है का भंडार है।

दिल्ली पर राज्य करने वाले लगभग हर राजवंश जिनमें इल्बारी तुर्क जिसे गुलाम वंश के नाम से भी जाना जाता है, खिलजी, तुगलक, लोदी, सूर और निश्चित रूप से मुगलों ने इस छोटे से भौगोलिक क्षेत्र में अपने शासनकालों की कुछ बेहतरीन इमारतें बनवाईं जो कि ऐतिहासिक रूप से यमुना नदी के किनारे स्थित थीं।

घियाउसद्दीन बलबन नें 13 वीं शताब्दी के मध्य में सिंहासनारूढ़ होने के पहले 1265 (सी.ई.) ईस्वी में यहॉ महल का निर्माण किया था, इस क्षेत्र को घियासपुर का नाम दिया गया। उसका यह महल जो लाल महल के रूप में जाना जाता है, एक केंद्रीय गुंबद के साथ एक बेहतरीन इमारत थी और आज पूरे भारत में सबसे प्रारंभिक इस्लामी महल की इमारत है जहॉ पर भारत में गुंबद और वास्तविक मेहराब (ट्रू आर्च) का अंकन है। प्रसिद्ध यात्री इब्न बतूता के बारे में कहा जाता है कि अपने प्रवास में कुछ समय के लिये दिल्ली के इस महल में रुके थे। लाल महल आज एक व्यक्तिगत निवास के रूप में है जिसके कुछ भाग 2008-09 में ध्वस्त हो गये थे।

क्षेत्र का महत्व आज हजरत निजामुद्दीन औलिया से जाना जाता है, जो कि 14 वीं शताब्दी के सूफी संत थे, जिन्होंने घियासपुर में अपने खानकाह की स्थापना की थी। अलाउद्दीन खिलजी के शासनकाल (1295-1315 ईस्वी) के दौरान, शाही पैमाने पर यहां बनाई गई भव्य जमात खान मस्जिद, परिसर में सबसे भव्य संरचनाओं में से एक है। ईस्वी सन् 1320 में मस्जिद और वहॉ पर बावड़ी का निर्माण, निजामुद्दीन औलिया का आशीर्वाद लेने के लिए घियासपुर आने वाले श्रद्धालुओं की एक बड़ी आबादी की उपस्थिति का संकेत देता है। बावड़ी न केवल स्थानीय समुदाय और श्रद्धालुओं की पीने के पानी की ज़रूरतों को पूरा करती होगी, बल्कि मस्जिद में नमाज़ से पहले वुज़ू या प्रक्षालन के लिए भी इस्तेमाल में आती होगी।

संत ने, यमुना नदी के किनारे ध्यान करने के लिए एक स्थान चुना और इस उद्देश्य के लिए एक चिल्लगाह का निर्माण किया गया था। दो शताब्दियों बाद, हुमायूं का मकबरा, भव्य राजवंशीय मकबरों के पहले बनाया गया था और यह इस संरचना के निकट था। हुमायूं के मकबरे की पूर्वी परिधि की दीवार में हजरत निजामुद्दीन के चिल्लगाह के हिस्से शामिल हैं।

उनकी मृत्यु पर, संत को जमात खाना मस्जिद के प्रांगण में दफनाया गया था, और इस क्षेत्र को उनके बाद 'निज़ामुद्दीन' के नाम से जाना जाने लगा। लगभग 700 वर्षों से, श्रद्धालू संत के पवित्र स्थान में जाते रहे हैं और चूंकि एक संत की कब्र के पास दफनाया जाना शुभ माना जाता है, इसलिये यहां सात शताब्दियों के मकबरों का निर्माण देखा जा सकता है। संत की

मृत्यु के छह महीने के भीतर, उनके प्रिय शिष्य, महान कवि, अमीर खुसरो की भी मृत्यु हो गई, जो अपने आध्यात्मिक गुरु की मृत्यु का दुःख सहन करने में असमर्थ थे। हज़रत अमीर ख़ुसरो (1253-1325 ईस्वी) ने आज तक, दक्षिण एशियाई उपमहाद्वीप के हिन्द-फ़ारसी सांस्कृतिक परिदृश्य में सात सौ से अधिक वर्षों तक एक प्रतिष्ठित व्यक्ति के रूप में अपना स्थान बनाए रखा है। वह, निसंदेह भारतीय-इस्लामिया तत्वों के श्रेष्ठ समन्वय करने वाले जिसको हिंदुस्तानी संस्कृति के नाम से जाना जाता है सबसे लोकप्रिय प्रवर्तक थे। चिश्ती सम्प्रदाय के एक अत्यधिक धर्मनिष्ठ अनुयायी थे एवं कम से कम दिल्ली के सात शासकों के दरबारों से संबंधित रहने के कारण दोनों विश्वों में उनका सुगम्य रूप से विचरण था जैसे उनके पूर्व या बाद के कवियों में नहीं देखा जा सकता।

मुहम्मद बिन तुगलक हज़रत निज़ामुद्दीन औलिया के प्रति सम्मान प्रदर्शित करते थे। इनके बारे में कहा जाता है कि उन्होंने सिंचाई के लिए नहरों का एक तंत्र बनाया था, जिसे अब नालों के नाम से जाना जाता है, बारापुला नाला निजामुद्दीन क्षेत्र के पश्चिमी और दक्षिणी किनारे को चिह्नित करता है और अब तक, इस क्षेत्र में निर्माण गतिविधि सीमित थी, लेकिन अब यहाँ एक ऊँची सड़क और मकान बन गये है।

तुगलक काल में यहॉ दो प्रमुख इमारतों का निर्माण किया गया 1370-71 ईस्वी में कलान मस्जिद तथा फिरोज शाह तुगलक के प्रधान मंत्री खाने जहान जुनान शाह तिलंगानी की कब्र। मस्जिद और मकबरा हज़रत निज़ामुद्दीन बस्ती के दक्षिणी किनारे पर स्थित है और मूल रूप से एक अहाते के भीतर स्थित है जिसके अब केवल कुछ साक्ष्य रह गए हैं। इस मकबरे को भारत का प्रारंभिक अष्टकोणीय मकबरा माना जाता है और वर्तमान में इस पर अनेक परिवारों का कब्जा है। संरचनाओं का निर्माण हजरत निजामुद्दीन औलिया की बावड़ी के आसपास किया गया था, जो कि उत्तरवर्ती मुगल काल तक चला। दक्षिणी आच्छादित पथ (अर्केड) की तिथि (1379-80.) ईस्वी से प्रारंभ मानी गयी है।

इस इलाके में मकबरे का निर्माण लोदी काल के दौरान जारी रहा और लोदी वंश के कुछ महत्वपूर्ण शाही मकबरों को हजरत निजामुद्दीन औलिया की दरगाह से लगभग एक मील पूर्व में बनाया गया था। मकबरा जैसे बाराखम्भा, गोलगुम्बद एवं दो सिरिहया गुंबद आदि संरचनाएँ हजरत निजामुद्दीन बस्ती के भीतर बनाए गए थे।

हुमायूँ के मकबरे के निर्माण के बाद, प्रारंभिक मुग़ल युग और सम्राट अकबर के शासनकाल के दौरान निजामुद्दीन क्षेत्र में कई प्रमुख संरचनाएँ बनाई गईं थीं, जिनमें ज्यादातर मकबरे थे। इनमें से एक मकबरा अतगा खान का था जिसने हुमायूँ को शेरशाह सूरी द्वारा पराजित होने के पश्चात युद्ध के मैदान से भागने में सम्राट को सहायता दी थी।अतगा खान की पत्नी बादशाह अकबर की धाय मॉ थी। और अतगा खान खान बादशाह अकबर का वकील या चांसलर बन गया। अतगा खान का मकबरा 1566-67 ई. में हज़रत निज़ामुद्दीन औलिया की दरगाह के नज़दीक ,बनाया गया था। इस रत्न जैसी इमारत के साथ, संगमरमर में टाइल का काम अद्वितीय है, लेकिन शायद ही कभी उस अहाते में जाया जाता है जिसके भीतर यह स्थित है,क्योंकि इसका अतिक्रमण किया गया है।

अतगा खान के बेटे, मिर्ज़ा अज़ीज़ कोकलताश, जो कि बादशाह अकबर के पालक भाई थे, (1623-24) ईस्वी में दफन किया गया था, जो एक अद्वितीय संगमरमर का मकबरा है जो उनके पिता के मकबरे के करीब है, जिसे 64 संगमरमर के खम्भों के कारण चौसठ खम्भा के नाम से जाना जाता है।

18 वीं और 19 वीं शताब्दी के दौरान, मकबरों का निर्माण आसपास के क्षेत्र में जारी रहा, लेकिन बड़े बगीचे-मकबरों (गार्डन टोम्बस) के पश्चात छोटी संरचनाओं का निर्माण किया गया। जैसे कि दिल्ली गोल्फ क्लब के आस पास की संरचनाएँ। 19 वीं शताब्दी के प्रसिद्ध कवि मिर्ज़ा ग़ालिब को भी हज़रत निज़ामुद्दीन औलिया की दरगाह के नज़दीक दफ़नाया गया था।

3.3 स्मारकों का वर्णन (स्थापत्य वैशिष्टय, मूलतत्व, सामग्री)

(i) बावड़ी निजामुद्दीन:

बावड़ी का निर्माण हज़रत हिज़ामुद्दीन के व्यवस्थापन के तहत किया गया था और कहा जाता है कि यह निजामुद्दीन और ग़यासुद्दीन तुगलक शाह के बीच मतभेद का कारण थी। बावड़ी 37.5 मीटर X 16.15 मीटर और दक्षिण, पूर्व और पश्चिम में दीवारों से घिरी हुई है, उत्तर की ओर उतरती हुई सीढ़ियॉ है। कई स्मारक अलग-अलग समय में बावड़ी की परिधि पर बनाए गए हैं, जिनमें पूर्व की ओर संकरा आच्छादित मार्ग भी शामिल है। स्मारक के संरक्षित, प्रतिषिद्ध और विनियमित सीमाओं को मानचित्र -5 में संल्गनक- IV में देखा जा सकता है।



Map Code-a2
Area–5665 sqft
Location-Nizamuddin village, North of Dargah
Period–1321-22CE
Function–Baoli
Ownership ASI
Date of Notification-24th Jun,1925

(ii) चौसठ खम्भा:



MapCode–a16
Area–36220s qft
Location–Nizamuddin village
Period–1623-24 CE
Function–Tomb
Ownership–ASI
Date of Notification–21th Jul, 1916



यह खूबसूरत इमारत मिर्ज़ा अज़ीज़ कोकलताश का मकबरा है और इसे उन्होंने अपने जीवनकाल में बनवाया था। वह अतगा खान और जीजी अंगा के बेटे थे और इस तरह सम्राट अकबर के पालक भाई थे। इमारत को 64 खंभों के आधार पर चौसठ खम्भा के रूप में जाना जाता है जो छत को सहारा देते हैं। मकबरे को 25 खण्डों में विभाजित किया गया है जिनमें गुम्बद हैं। प्रत्येक चार पार्श्वों को पाँच खण्डों में विभाजित किया गया है। मकबरे के पश्चिमी दरवाजे के पास कोकलताश की पत्नी की संगमरमर की कब्र है, और इससे सटे उसकी अपनी भी संगमरमर की कब्र है, और बारीक नक्काशी के साथ अलंकृत है। इमारत में अन्य आठ कब्रें हैं, जो सभी अभिलिखित नहीं हैं लेकिन माना जाता है कि कोकलताश परिवार के सदस्यों की हैं। सजावटी विशेषताओं में जालीदार आवरण, अलंकारिक शीर्ष आदि शामिल हैं। स्मारक के संरक्षित, प्रतिषिद्ध और विनियमित सीमाओं को मानचित्र -7 में संलग्नक- IV में देखा जा सकता है।

iii) ग़लिब की मज़ार:

मिर्ज़ा ग़ालिब (1796-1869 ईस्वी) दिल्ली में रहने वाले सबसे महान कवियों में से थे। मज़ार एक छोटे से कब्रिस्तान में स्थित है। कब्र में संगमरमर का पटिया (स्लैब) है और इस पर एक शिलालेख है। इसके ऊपर बनी छोटी संरचना का निर्माण 20 वीं शताब्दी में किया गया था। स्मारक के संरक्षित, प्रतिषिद्ध और विनियमित सीमाओं को मानचित्र -10 में संलग्नक- IV में देखा जा सकता है।

Ghalib ki Mazaar



Map Code – a29
Area – 5095 sqft
Location – Nizamuddin village
Period – late Mughal, 1869CE
Function – Tomb
Ownership – ASI
Date of Notification – 28th Sept, 2005

iv) बारह खम्भा मकबरा:

लोदी रोड के पूर्वी छोर पर, हज़रत निज़ामुद्दीन बस्ती के किनारे पर एक लोदीयुग की 16 वीं शताब्दी की गुंबददार इमारत खड़ी है, जिसे बारह खम्भा के रूप में जाना जाता है, क्योंकि बारह खम्भे इसके चार किनारों पर खड़े हैं। जिस पार्क में यह स्थित है वह दिल्ली विकास प्राधिकरण का है। बारह खंभा दिल्ली मुख्य योजना (दिल्ली मास्टर प्लान) के अंदर निजामुद्दीन के विरासत क्षेत्र और हुमायूं के मकबरे के विश्व विरासत स्थल के प्रतिरोधक क्षेत्र (बफर जोन) के भीतर है। स्मारक के संरक्षित, प्रतिषिद्ध और विनियमित सीमाओं को मानचित्र -8 में संलग्नक- IV में देखा जा सकता है।

BaraKhamba

MapCode–a17
Area–4930sqft, Building plinth
Location–North end of Nizamuddin village
Period– 16th Century
Function–Tomb
Ownership–ASI
Date of Notification–21st Jul,1916

v) अतगा खान मकबरा:

Atgah Khan Tomb



Map Code – a26
Area – 4467 sqft, Monument with enclosure walls
Location – East of Dargah complex, Nizamuddin
Period – 1566-67 CE
Function – Tomb
Ownership – ASI
Date of Notification – 10th Dec,1925

अतगा खान, अकबर की धाय मॉ, और अकबर के करीबी विश्वासपात्र जीजी अंगा के पति थे। यह दिल्ली के कुछ अकबर काल की इमारतों में से एक है। चित्तग्राही मकबरा एक दीवार के अहाते के भीतर स्थित है। इसमें एक 6 वर्ग मीटर की कक्षीय छत वाला गुम्बद है। इसके चार किनारों पर, दरवाजे से युक्त गहरी मेहराबें हैं, जिनमें से दक्षिण की ओर मकबरे का प्रवेश द्वार है। शेष द्वार पत्थर की जाली के आवरण के साथ बंद हैं। भवन और अहाते की दीवारें संगमरमर और रंगीन टाइलों के साथ लाल पत्थर की बनी हुई हैं।अहाते के फर्श में बलुआ पत्थर में संगमरमर की पट्टियाँ हैं। सजावटी आकृतियों में संगमरमर और रंगीन टाइलें तथा अन्य अलंकरण,हैं। मकबरे के अंदर तीन संगमरमर की कब्रें हैं जिनमें जटिल नक्काशी है। केंद्र में अतगा खान की कब्र है, आगंतुक के दाईं ओर उसकी पत्नी की कब्र है, लेकिन उसकी बाईं ओर की कब्र की पहचान नहीं की गई है। अहाते में उत्तर मुगल काल के दो दालान या मेहराबदार हाल है जो कि खानकाह या मठ के रूप में स्थित थे। स्मारक के संरक्षित, प्रतिषिद्ध और विनियमित सीमाओं को मानचित्र -9 में संलग्नक- IV में देखा जा सकता है।

चित्र2: दरगाह परिसर मे केन्द्रीय संरक्षित स्मारक

a18- **जहॉआरा बेगम की कब्र**

a19- **मिर्जा जहॉगीर की कब्र**

a20-**मोहम्मद शाह की कब्र**

a3- **अमीर खुसरो की कब्र**

a5-**निजामुद्दीन औलिया की कब्र** (दरगाह)



vi) जहाँआरा बेगम की कब्र:

जहाँआरा (1614-1681सी.ई.) ईस्वी शाहजहाँ और मुमताज़ महल की बेटी थीं। शाहजहाँ को अपनी बेटी से बहुत प्यार था, क्योंकि उन्होंने उसे पदेशाह बेगम (महिला सम्राट) की उपाधि दी थी। उसने स्वयं के लिए गैर-दिखावटी मकबरे का निर्माण किया था। उसका प्रभाव ऐसा था कि, अन्य शाही

A18 – Grave of Jahanara begum
Map Code – a18
Area – 242 sqft, grave structure
Location – Dargah Complex
Period – 17th Century
Function – Tomb
Ownership – ASI
Date of Notification – 21st Jul,1916

राजकुमारियों के विपरीत, उसे आगरा के किले के बाहर अपने ही महल में रहने की इजाजत थी। मक़बरा में एक बिना छत का अहाता है, जिसकी माप 4.2मी.x3.5मी. है। 2.45 मीटर की ऊंचाई वाले अहाते की दीवार में जालीदार संगमरमर के आवरण हैं, जो एक संगमरमर की पीठिका पर खड़े हैं। चारों कोनों को पतले संगमरमर की पिन्नैकलसे चिह्नित किया गया है, जो अहाते के शीर्ष से 1.45 मीटर ऊपर है। अहाते में तीन कब्रें हैं।इसमें सजावटी विशेषताएं संगमरमर का आवरण, पिन्नैकल,पीठिका आदि हैं।



vii) मिर्जा जहाँगीर की कब्र:

मिर्ज़ा जहाँगीर अकबर शाह-द्वितीय का सबसे बड़ा पुत्र था और उसे 1808 में अंग्रेजों द्वारा दिल्ली में ब्रिटिश रेजिडेंट पर गोली चलाने के आरोप में इलाहाबाद भेजा गया था। अहाते में दफनाए हुए उनके भाई मिर्जा बाबर भी हैं। अहाते का माप 5.95 मीटर है जो आंतरिक रूप से 4.25 मीटर है और इसे संगमरमर से बनाया गया है, इसे जमीन से 1 मीटर ऊपर उठाया गया है। इसमे पूर्व और पश्चिम से प्रवेश किया जा सकता है। सजावटी विशेषताओं में जाली युक्त आवरण, सजावटी पीठिका, संगमरमर के आवरण पर पुष्पीय अलंकरण हैं। मिर्ज़ा जहाँगीर की कब्र संगमरमर की है और 6'7 "x2'2" और 1'6 "ऊंची है, और इसे विपुलता से फूलों की नक्काशी से सजाया गया है।यह एक महिला की कब्र के प्रतीक तख्ती (स्लेट) को धारण करती है। पश्चिम की ओर स्थित दूसरी संगमरमर की कब्र की माप 6'x1'11"x1'4" है और मिर्ज़ा जहाँगीर के भाई मिर्जा बाबर की है।

A19 – Grave of MirzaJahangir
Map Code – a19
Area – 336.6 sqft, grave structure
Location – Dargah Complex
Period – 1832 CE
Function – Tomb
Ownership – ASI
Date of Notification – 21st Jul,1916

viii) मोहम्मद शाह की कब्र:

मोहम्मद शाह 1719 से 1748 ईस्वी तक मुगल सम्राट थे। वह एक शासक थे जो कला के संरक्षक और नादिर शाह के अशुभ वैरी के रूप में प्रसिद्ध हैं। कब्र 4.15 मीटर आंतरिक रूप से 5.85 मीटर के एक अहाते के भीतर स्थित है और इसमें पूर्वी दिशा के एक द्वार के माध्यम से प्रवेश किया जा सकता है। अहाते की दीवारें 2.15 मीटर ऊंची और संगमरमर के आवरण से बनी हैं। पूर्व और पश्चिम की ओर पाँच इकाइयॉ(बेज)और उत्तर और दक्षिण की ओर तीन हैं। इमारत एक सजावटी पीठिका पर स्थित है और अहाते में छह अन्य कब्रें हैं। सजावटी विशेषताएं संगमरमर का आवरण, गुलदस्ता और पीठिका हैं।

A20 – Grave of Mohd. Shah
Map Code – a20
Area – 344.4 sqft, grave structure
Location – Dargah Complex
Period – Later Mughal, 1748 AD
Function – Tomb
Ownership – ASI
Date of Notification – 29th Jul,1916

ix) अमीर खुसरो का मकबरा:

अमीर खुसरो (1253-1325 सी.ई.) ईस्वी हज़रत निज़ामुद्दीन के मुख्य शिष्य और करीबी दोस्त थे। उन्होंने निज़ामुद्दीन की मृत्यु को बहुत गहराई से महसूस किया,ऐसा कहा जाता है कि गहरे दुख के पश्चात, (1325 सी.ई.) ईस्वी में छह महीने बाद उनकी मृत्यु हो गई।

A3 – Tomb of Amir Khusrau
Map Code – a3
Area – 719 sqft
Location – Dargah Complex
Period – 1325 CE rebuilt in 1605 CE
Function – Tomb
Ownership – ASI
Date of Notification – 24th Jun,1925

मकबरे का निर्माण संगमरमर से किया गया है और 12 खंभों पर आधारित एक गुंबददार छत से ढॅका है,इन खंभों को दक्षिण की ओर प्रवेश द्वार को छोड़कर जालीदार संगमरमर के आवरण से भरा गया है। सजावटी सुविधाओं में जालीदार आवरणऔर गुलदस्ता आदि शामिल हैं। दक्षिण में बाहरी परिक्षेत्र में अमीर खुसरो की बहन के बेटे शम्सुद्दीन माहरू को दफनाया गया है। उनकी कब्र, जो अभिलिखित नहीं है, माप में 3'11"x1'4" ऊॅची है।

x) निजामुद्दीन औलिया का मकबरा (दरगाह)

दरगाह को (1324-1325 सी.ई.) ईस्वी में बनाया गया था। हालांकि, इसे बार बार बनाया और पुर्ननिर्मित किया गया है और यह संरचना 1562 ईस्वी में पुर्ननिर्मित की गई थी जैसी कि आज स्थित है। दरगाह में एक गुंबद के आकार की छत है जो काले संगमरमर की खड़ी धारियों में सजी हुई है और एक सजावटी कमल का छादन शीर्ष में किया है। इस दरगाह के दरवाजों का मुख मेहराबदार है और एक बरामदा चारों तरफ है।

A5 – Tomb of Nizamuddin Aulia
Map Code – a5
Area – 8264 sqft
Location – Dargah Complex
Period – 1324 – 25 CE (Building)
1562-63 CE (Building)
1652-3 CE (Veranda)
1823-24 CE (Dome Rebuilt)
Function – Tomb
Ownership – ASI
Date of Notification – 24th Jun,1925



दरगाह परिसर में स्मारकों की संरक्षित, प्रतिषिद्ध और विनियमित सीमाओं को मानचित्र 5 में संलग्नक- IV में देखा जा सकता है

निज़ामुद्दीन बस्तीस्मारक समूह के स्मारकों की ऊँचाई इस प्रकार है:

क्रम संख्या	पहचान	स्मारकों का नाम	ऊँचाई (लगभग)
1	a2	बावड़ी निजामुद्दीन	10.00 m
2	a16	चौसठ खंम्भा	6.40m
3	a29	ग़ालिब की मज़ार	2.95m
4	a17	बाराखम्भा मकबरा	11.29m
5	a26	अतगा खान का मकबरा	6.54m
6	a18	जहॉआरा बेगम की कब्र	3.50m
7	a19	मिर्ज़ा जहाँगीर की कब्र	2.50m
8	a20	मोहम्मद शाह की कब्र	3.10
9	a3	अमीर खुसरो का मकबरा	3.15m
10	a5	निजामुद्दीन औलिया का मकबरा (दरगाह)	8.00m

तालिका 3: स्मारकों की ऊँचाई

3.4 वर्तमान स्थिति

3.4.1 स्मारक की स्थिति - स्थिति का मूल्यांकन

बावड़ी: बावड़ी मरम्मत और रखरखाव की खराब स्थिति में थी और 2008 में बावड़ी का एक कोना ढह गया था। इसके बाद, भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग (एएसआई) की साझेदारी में आगा खॉ संस्कृति न्यास द्वारा व्यापक स्टीनिंग, गाद निकालने और संरक्षण का कार्य किया गया।

चौसठ खम्भा: इस अकबर कालीन संरचना में संरक्षण कार्य हुआ है, जहां **25** संगमरमर के गुंबदों में से प्रत्येक को अलग निकाल करके लोहे के डॉवल्स को स्टेनलेस स्टील के डॉवल्स के साथ पुन: प्रतिस्थापित कर दिया गया था। चूने का उपयोग करके संरचना की छत को जलावरोधक बना दिया गया था।

ग़ालिब की मजार:मकबरे के चारों ओर खुली जगह को हाल ही में फिर से पक्का बनाया गया है और स्मारक के अहाते की दीवार बनाई गई है। मकबरा अच्छी स्थिति में है।

बाराखंबा मकबरा: इस मकबरे का संरक्षण किया गया है और यह एक अच्छी स्थिति में है।

अतगा खान का मकबरा: हालांकि मुख्य मकबरे के कक्ष में जाना सुगम है परंतु मकबरे का तलघर और इसके अहाते के दरवाजे अब अतिक्रमण और कब्जे में हैं। कब्र पर वर्तमान में चल रहे संरक्षण कार्य इस प्रकार प्रधान संरचना तक सीमित हैं। अतिक्रमित तलघर इमारत

की संरचनात्मक स्थिरता को गंभीर रूप से जोखिम में डालता है क्योंकि दीवार की मोटाई कम करके तलघर में रहने की जगह बढ़ाने के लिए प्रयास किए गए हैं यह ज्ञात है।

निज़ामुद्दीन औलिया का मकबरा (दरगाह) और अमीर खुसरो का मकबरा:1925 ईस्वी में संरक्षित क्षेत्र के रूप में इन दो स्मारकों का नियंत्रण 8246 वर्ग फुट से अधिक के साथ, अधिसूचित क्षेत्र, दरगाह कमेटी के पास है। हजारों दैनिक श्रद्धालुओं के लिये, दोनों संरचनाओं को वातानुकूलक (एयर कंडीशनर) की सुविधा सेयुक्त किया गया है। दोनों को आंतरिक और बाह्य रूप से प्रकाशमान किया गया है। हाल के वर्षों में, निजामुद्दीन औलिया के मकबरे के मूल फर्श को बदल दिया गया है। निज़ामुद्दीन औलिया के मकबरे में मोती की पच्चीकारी के साथ एक जटिल लकड़ी का चंदवा (मंडप) है और यह गंभीर गिरावट के संकेत दे रहा है।

जहानारा बेगम की कब्र, मिर्जा जहाँगीर की कब्र, मोहम्मदशाह की कब्र: ये तीन संरचनाएँ एक दूसरे के निकट हैं। जटिल नक्काशीदार संगमरमर के आवरण से निर्मित, संरचनाएं भंगुर हैं और वर्षों के अंतराल में कई संगमरमर तत्व क्षतिग्रस्त हो गए हैं जिन्हें भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण द्वारा बदल दिया गया है।

3.4.2 दैनिक पदार्पण व कभी - कभार जुटने वाली भीड़:

निजामुद्दीन बस्ती के भीतर सभी स्मारक बिना टिकट के हैं और उनमें से कई, जैसे कि दरगाह और बावड़ी धार्मिक स्थलों के लिए हैं और प्रति दिन 5000 से अधिक आगंतुकों/श्रद्धालुओं द्वारा भ्रमण किया जाता है। विशेष कार्यक्रमों जैसे उर्स, ईद और मुहर्रम के दौरान दरगाह पर आने वाले लोगों की संख्या प्रति दिन 35000-40000 तक पहुँच जाती है। उर्स त्योहार के दौरान, कव्वाली प्रदर्शन चौसठ खंभा के अहाते की दीवार में स्थित उर्स महल में होते हैं। इसके अलावा, विभिन्न गैर सरकारी संगठन समूहों द्वारा विरासत भ्रमण (हेरिटेज वॉक) द्वारा स्मारकों, विरासत इमारतों और निजामुद्दीन बस्ती की जीवंत विरासत देखने के लिए पर्यटक बारंबार अधिकता में आते हैं

अध्याय IV
स्थानीय क्षेत्र विकास योजनाओं में, मौजूदा क्षेत्रीकरण, यदि कोई हो

4.0 मौजूदा क्षेत्रीकरण:

- स्मारक का स्थान आसपास के स्थलों के विकास पर महत्वपूर्ण प्रभाव डालता है और यह मुख्य योजना (मास्टर प्लान), क्षेत्रीय नियोजन (जोनल प्लान) और शहर की स्थानीय क्षेत्र योजना में मान्यता प्राप्त है। मुख्य योजना (मास्टर प्लान)2021 इस क्षेत्र को दिल्ली के छह विरासत क्षेत्रों में से एक के रूप में नामित करता है।

- दिल्ली विकास प्राधिकरण के क्षेत्रीय नियोजन-डी में 52 स्मारकों की सूची दी गई है।जिनमें से 23 हुमायूँ के मकबरे के उप-वृत्त में हैं, उनमें से 10 निजामुद्दीन बस्ती में हैं।
- हुमायूँ के मकबरे के उपमण्डल के सभी स्मारक दक्षिणी दिल्ली नगर निगम केवार्ड 55-S के भीतर स्थित हैं। वार्ड में 489 हेक्टेयर क्षेत्र शामिल है। वार्ड के नक्शे पर अंकित, प्रतिषिद्ध और विनियमित क्षेत्र का गठन नगर निगम के वार्ड नंबर 55-S का महत्वपूर्ण हिस्सा है जिसमें से 17.28% या 84.5 हैक्टेयर की भूमि आवासीय क्षेत्र के अंतर्गत है। लगभग 55% भूमि मनोरंजक उपयोग के तहत है। 2001 की जनगणना के अनुसार, वार्ड में 8966 परिवार के साथ कुल जनसंख्या 44,843 है। दिल्ली नगर निगम वार्ड योजनाओं या स्थानीय क्षेत्र की योजनाओं की तैयारी के लिए केंद्रक अभिकरण (नोडल एजेन्सी) है। इन योजनाओं से प्रत्येक वार्ड में विकास का आधार बनेगा।
- विनियमित और प्रतिषिद्ध क्षेत्र का गठन 240 हेक्टेयर है और केवल 8% क्षेत्र में वार्ड 55-S के बाहर है। 240 हैक्टेयर में से, 32% आवासीय भूमि का उपयोग विनियमित क्षेत्र के अंतर्गत है। वार्ड में आवासीय उपयोग के तहत 84 हेक्टेयर में से 78 हेक्टेयर, स्मारकों के आसपास विनियमित/प्रतिषिद्ध भीतर स्थित है।

क्र.सं.	भूमि उपयोग	वार्ड क्षेत्र (वर्गमीटर)	वार्ड क्षेत्रका %
1.	आवासीय	84.5	17.28
2.	सरकारी	5.8	1.24
3.	सार्वजनिक अर्ध सार्वजनिक	13.7	2.8
4.	मनोरंजन	269	55
5.	सड़क और परिवहन	73.4	15
6.	उपयोगिताएँ	7.2	1.47
7.	अज्ञात	35.3	7.21

तालिका 4: वार्ड स्तर पर भूमि का ब्यौरा

* निज़ामुद्दीन बस्ती के साथ बतासेवाला परिसर,हुमायूँ का मकबरा, सुंदर नर्सरी के क्षेत्र और स्मारक शामिल हैं।

- विशिष्ट रूप से निजामुद्दीन बस्ती के मामले में, बस्ती के निर्मित क्षेत्र का 80% प्रतिषिद्ध क्षेत्र के भीतर आता है और बस्ती का 100% क्षेत्र संरक्षित स्मारक के विनियमित क्षेत्र में आता है। इन स्मारकों के समूह में शामिल क्षेत्रों में संयुक्त 100 मीटर प्रतिरोधक क्षेत्र (बफर जोन) है,आवसीय क्षेत्र जिसमें पार्क (दिल्ली विकास प्राधिकरण) (डी.डी.ए.) दिल्ली नगर निगम (एम.सी.डी.)द्वारा दत्त सुविधाएँ जैसे बारात घर, पॉलीक्लिनिक, रैन बसेरा और सामुदायिक शौचालय और पुलिस स्टेशन शामिल हैं। अधिकांश इमारतें असुरक्षित और खराब तरीके से निर्मित हैं।
- वार्ड के विवरण के लिए संलग्नक- IV में मानचित्र 11 देखें।

4.1 "दिल्ली मुख्य योजना (मास्टर प्लान) 2021 के मौजूदा दिशानिर्देशों को संलग्नक -1 में देखा जा सकता है"

अध्याय V

प्रथम अनुसूची, नियम 21(1) भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण अभिलेख में परिभाषित सीमाओं के आधार प्रतिषिद्ध और विनियमित क्षेत्र का कुल स्टेशन सर्वेक्षण (टोटल स्टेशन सर्वे)।

5.0 निज़ामुद्दीन बस्ती स्मारकों के समूह की समोच्च योजना (कंटूर प्लान) :

हज़रत निज़ामुद्दीन बस्ती में विनियमित और प्रतिषिद्ध क्षेत्रों के निर्मित क्षेत्र के मौजूदा ऊँचाइयों (2014 के अनुसार) की विस्तृत जानकारी संलग्नक -IV मानचित्र -3 पर देखी जा सकती है। प्रतिषिद्ध और विनियमित क्षेत्रों का विस्तृत भूभाग और सभी स्मारकों के प्रतिषिद्ध और विनियमित क्षेत्रों के अंतर्गत आने वाले कुल क्षेत्र को संलग्नक- IV, मानचित्र -2 पर देखा जा सकता है। नक्शे सभी कालोनियों और निर्मित क्षेत्रों के साथ-साथ अन्य असरंक्षित और राज्य संरक्षित स्मारकों को क्षेत्र में सूचीबद्ध करते हैं। सभी हरे क्षेत्रों और वनस्पतियों, पहुंच सड़कों, संस्थागत और आवासीय भवनों और पार्किंग क्षेत्रों को नक्शे में प्रलेखित किया गया है।

5.1सर्वेक्षण किए गए विवरण का विश्लेषण:

5.1.1 प्रतिषिद्ध क्षेत्र और विनियमित क्षेत्र विवरण:

समूह	क्र.सं.	स्मारक	प्रतिषिद्ध क्षेत्र (वर्गमीटर)	विनियमित क्षेत्र (वर्गमीटर)
निजामुद्दीन बस्ती	1	बावड़ी	41323	271616
	2	चौसठ खम्भा	56392	304249
	3	ग़ालिब की मजार	40015	269082
	4	बारह खम्भा मकबरा	39975	268906
	5	अतगा खान मकबरा	35510	272088
	6	जहाँआरा बेगम की कब्र	45019	279190
	7	मिर्ज़ा जहाँगीर की कब्र		
	8	मोहम्मद शाह की कब्र		
	9	अमीर खुसरो का मकबरा		
	10	निजामुद्दीन औलिया का मकबरा(दरगाह)		

तालिका 5: स्मारकों के आसपास प्रतिषिद्ध और विनियमित क्षेत्र

5.1.2 निर्मित क्षेत्र का विवरण:

निज़ामुद्दीन बस्ती में व्यापक विकास हुआ है। यहाँ स्मारक और अन्य संरचनाएँ - निवास, दुकानें और अन्य संस्थान लगभग स्मारकों से सटे हुए हैं। अधिकांश निर्मित संरचनाएँ 1992 से पहले मौजूद थीं। हालांकि, मौजूदा संरचना और पुनर्निर्माण की मरम्मत की तीव्र गति के कारण मंजिलों की संख्या में वृद्धि बड़े पैमाने पर है। कमजोर और खराब नींव के कारण कई इमारतें भूकंप और अन्य खतरों की चपेट में हैं। 100 मी प्रतिरोधक क्षेत्र के भीतर आने वाले इलाके निज़ाम नगर, दिलदार नगर, गली गदरियान, मरकज़ी बाज़ार क्षेत्र, खसरा नंबर -556, नलवाली मस्जिद, मार्केट वाली गली और मुसाफ़िर खाना हैं। ये सभी मोहल्ले भारी तादाद में बने हैं।

5.1.3 हरे/खुले स्थानों का विवरण:

बस्ती में हरित क्षेत्र चार दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) पार्कों तक सीमित हैं जो बस्ती की परिधि में स्थित हैं। बाराखम्भा मकबरा इनमें से एक पार्क में स्थित है और इनमे से एक पार्क केवल महिलाओं और बच्चों के लिए आरक्षित है। यह पार्क स्थानीय दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) स्कूल द्वारा भी बड़े पैमाने पर उपयोग किया जाता है। इन खुले स्थानों के परिदृश्य को पुनर्विकसित किया गया है।

हरे-भरे पार्कों के अलावा, चौसठ खम्भा के सामने का प्रांगण (फोरकोर्ट) और ग़ालिब की मजार बस्ती में महत्वपूर्ण खुले स्थान हैं और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए बड़े पैमाने पर उपयोग किए जाते हैं। इन स्थलों के उपयोगको बढ़ाने के लिए चौसठ खम्भा के सामने का प्रांगण (फोरकोर्ट) और ग़ालिब की मजार के परिदृश्य को सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिये पुर्नविकसित किया गया है।

बस्ती की विपरीत दिशा में लोदी रोड के पार, अमीर खुसरो पार्क को तत्काल ध्यान देने की आवश्यकता है क्योंकि इसमें बड़े पैमाने पर अतिक्रमण किया गया है और अब यह अवैध झुग्गियों और कचरे के ढेर से सम्मिलत एक स्थल है।

5.1.4 परिसंचरण के अंर्तगत क्षेत्र आवृत्त- सड़क, पैदलपथ आदि।

बस्ती की अधिकतर सभी सड़कें बहुत सॅकरी हैं और यहां तक पहुॅच केवल पैदल यात्रियों तक ही सीमित है। बावड़ी और चौसठ खम्भा के प्रवेश द्वार तकवाहन पहुँच सकते हैं लेकिन सड़कों पर वाहनों की आवाजाही से गंभीर भीड़ और यातायात जाम हो जाता है। बस्ती के भीतर पार्किंग स्थल नहीं हैं।

5.1.5 इमारतों की ऊँचाई (क्षेत्रवार)

बस्ती में इमारतों की ऊँचाई एकल मंजिला संरचनाओं से 6-7 मंजिलों तक हैं। विनियमित और प्रतिषिद्ध क्षेत्र में सभी ऊंचॉइयों को संलग्नक- IV मानचित्र 3 में इंगित किया गया है। निज़ामुद्दीनबस्ती में मौजूदा इमारतों के समूह विश्लेषण को संलग्नक-द्वितीय में देखा

जा सकता है। इमारतों का अवैध और असुरक्षित निर्माण अनियंत्रित है।, कई संरचनाएँ, अतगा खान के मकबरे, बावड़ी और चौसठ खम्भा की संलग्न दीवारों के साथ ऊपर आ गई हैं।

5.1.6 राज्य के संरक्षित स्मारकों और स्थानीय प्राधिकरणों द्वारा सूचीबद्ध धरोहर भवन,प्रतिबन्धित / विनियमित क्षेत्र में यदि उपलब्ध हों तो :

दिल्ली नगर निगम ने अपने उपनियमों में दिल्ली में 767 विरासत भवनों को सूचीबद्ध किया है। इस सूची को दिल्ली राजपत्र राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीटी), शहरी विभाग, दिनांक 25/02/2010 के तहत अधिसूचित किया गया था। । निज़ामुद्दीन बस्ती के भीतर कुल 43 सूचीबद्ध धरोहर इमारतें खड़ी हैं, जो केन्द्रीय संरक्षित स्मारक के 100 मीटर या 200 मीटर के भीतर हैं। इन इमारतों को भी महत्व के अनुसार वर्गीकृत किया गया है। इन 43 इमारतों में से, 31 श्रेणी (ग्रेड)- **II** हेरिटेज इमारतें हैं, जिनमें आंतरिक परिवर्तन की लगभग अनुमति है और बाकी 12 स्मारक श्रेणी (ग्रेड)- **III** स्मारक हैं जहां विस्तार की भी अनुमति है, हालांकि, उनके साथ तालमेल होना चाहिए मौजूदा विरासत संरचना इससे अलग नहीं होनी चाहिए या संरचना को कोई नुकसान नहीं पहुंचाना चाहिए। स्मारकों को दिल्ली नगर निगम (MCD) की सूची नें बस्ती की कम ज्ञात, फिर भी महत्वपूर्ण विरासत को पहचान दिलाई है जो क्षेत्र की मूर्त और अमूर्त विरासत दोनों की संस्कृति, जीवन शैली और विकास को समझने में महत्वपूर्ण है। संलग्नक-IV नक्शा (मैप)-4 में एक सूची है और विरासत इमारतों का एक नक्शा दिया गया है जो स्मारकों के प्रतिषिद्ध और विनियमित क्षेत्रों के भीतर आती हैं।

5.1.7 सार्वजनिक सुविधाएं:

सार्वजनिक सुविधाओं जैसे सामुदायिक शौचालय, बहुचिकित्सालय (पॉलीक्लिनिक) और स्कूलों का उन्नयन किया गया है। हालांकि, बस्ती घनी आबादी वाली है और ठोस अपशिष्ट प्रबंधन और स्वच्छता के संबंध में गंभीर समस्याएं हैं। आगंतुकों और निवासियों के लिए शौचालयों को भुगतान और उपयोग के माध्यम से उन्नत किया गया है और समुदाय द्वारा प्रबंधित सेवाओं का उपयोग विशेष रूप से पर्यटन अवधि के दौरान और श्रद्धालुओं को त्योहारों के दौरान करने में सफल होता है।

5.1.8 स्मारकों तक पहुॅच:

निज़ामुद्दीन बस्ती मथुरा रोड और मध्य दिल्ली में लोदी रोड के चौराहे पर स्थित है और यह लोदी रोड, मथुरा रोड और लाला लाजपत राय मार्ग से क्रमशः इसके उत्तर, पूर्व और पश्चिम की ओर से घिरी हुई है। दक्षिण में बस्ती, सुनहरी और बारापुला नाला से घिरी हुई है। वाहन बावड़ी और चौसठ के प्रवेश द्वार तक पहुंच सकते हैं लेकिन सड़कों पर वाहनों की आवाजाही भारी भीड़ और यातायात अवरोध का कारण बनती है। बस्ती के भीतर पार्किंग स्थल नहीं हैं। टैक्सी स्टैंड और आईपीटीएस आमतौर पर मुख्य सड़क के साथ प्रवेश द्वारों पर पाए जाते हैं।

5.1.9 आधारिक संरचना सेवाएं (जल आपूर्ति, बरसाती जल निकासी, मल प्रवाह पद्धति(सीवेज), ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, पार्किंग आदि)।

बस्ती में और बस्तीके स्मारक संरचनाओं में व्यापक बुनियादी ढाँचे में सुधार किया गया है। संरचना के मरम्मत के दौरान मल प्रवाह के लिये पाइपलाइनों के प्रतिस्थापन के साथ-साथ बावड़ी की एक व्यापक गाद निकालने का कार्य (डी-सिल्टिंग) किया गया था। इसी तरह दरगाह परिसर का अपशिष्ट जल जो सीधे बावड़ी में गिर रहा था, उसकी दिशा परिवर्तित की गई। और भूमिगत अपशिष्ट जल का पाइप के माध्यम से सुरक्षित रूप से निकास किया गया है। क्षतिग्रस्त लाइनों के प्रतिस्थापन, मैनहोल की मरम्मत, नई लाइनों के निर्माण और सड़क पर बना ढक्कनदार बड़ा गड्ढा (मैनहोल) सहित मल प्रवाह पद्धति (सीवरेज) के उन्नयन (अप-ग्रेडेशन) की योजना विकसित की गई थी। बस्ती के साथ एक विस्तृत ठोस अपशिष्ट संग्रह और निपटान कार्यक्रम तथा बावड़ी, चौसठ खम्भा और दरगाह परिसर की सफाई के लिए विशेष योजनाएं बनाई गईं।

5.1.10 स्थानीय निकायों के दिशानिर्देशों के अनुसार क्षेत्र के प्रस्तावित क्षेत्र:

मुख्य योजना (मास्टर प्लान) 2021 दिल्ली में छह विरासत क्षेत्रों और तीन पुरातात्विक पार्कों की पहचान कराता है। इसमें शहर के अंदर और ऐतिहासिक क्षेत्रों के लिए विशेष क्षेत्र की योजना तैयार करने का प्रस्ताव है। दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) अधिनियम के तहत तैयार दिल्ली शहरी विरासत फाउंडेशन को, उचित उपयोग के लिए, पुरानी इमारतों के पुन: उपयोग को बढ़ावा देने और संगठनों को या शहरी विरासत के सभी घटकों को बचाने के लिए उनके प्रयासों में सहायता प्रदान करने के लिए आदेश दिया गया है।

दिल्ली शहरी विरासत फाउंडेशन ने बस्ती के पांच क्षेत्रों के लिए "स्मारक क्षेत्र विकास योजनाओं" को मंजूरी दे दी है;

- आवास सुधार और चौसठ खम्भा के आसपास सुधार।
- दो सिहिरिया गुम्बद के आसपास पुन: विकास और संरचना का संरक्षण।
- बारह खंभा संरक्षण और परिदृश्य
- अतगा खान मकबरा संरक्षण, तात्कालिक परिवेश में सुधार और संरचनाओं के भीतर रहने वाले परिवारों का पुर्नवास
- तिलंगानी के मकबरे का संरक्षण, आसपास के परिवेश में सुधार और ढांचे के भीतर रहने वाले परिवारों का पुर्नवास।

मुख्य योजना (मास्टर प्लान) की धारा 18.5 में कहा गया है कि योजना नीतियों और कार्यान्वयन प्रक्रियाओं में संशोधनों और सुधारों को शामिल करने के लिए योजनाओं की समय पर समीक्षा की जा सकती है। विरासत क्षेत्र (हेरिटेज जोन) के लिए, पारंपरिक आंतरिक शहर और अनियोजित क्षेत्र, भारतीय पुरात्तव सर्वेक्षण (एएसआई), दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) और दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) जिम्मेदार अभिकरण (एजेंसियॉ) हैं।

दिल्ली मुख्य योजना (एमपीडी) 2021, विरासत के संरक्षण के लिए प्रस्तावित करता है कि नए विरासत क्षेत्र (हेरिटेज जोन) और पुरातात्विक (आर्कियोलॉजिकल) पार्क को पहचानने की जरूरत है और उनके लिए विशेष संरक्षण योजना तैयार की जानी चाहिए।

अध्याय VI
स्मारकों का स्थापत्य, ऐतिहासिक और पुरातात्विक मूल्य

6.0 ऐतिहासिक और पुरातात्विक मूल्य:

- हज़रत निज़ामुद्दीन बस्ती सूफ़ी संत हज़रत निज़ामुद्दीन औलिया के रौज़ा (धर्मस्थल) के कारण एक पवित्र क्षेत्र माना जाता है। यह दिल्ली की सबसे पुरानी बस्तियों में से एक है और इसमें कई भव्य ऐतिहासिक स्मारक हैं जो 700 साल पुराने हैं। सांस्कृतिक सार के रूप में, जीवन शैली, पारंपरिक शहरी परिदृश्य तथा स्थानीय व्यापार निजामुद्दीन बस्ती को दिल्ली का सांस्कृतिक तथा ऐतिहासिक हृदय बनाता है।
- हज़रत निज़ामुद्दीन की दरगाह को आज भी मुस्लिम और हिंदू एक जैसे मानते हैं। दरगाह परिसर (कॉमप्लेक्स) में कई महत्वपूर्ण मकबरे हैं जिनमें अमीर खुसरो, मुहम्मद शाह रंगीले और जहाँआरा बेगम की शामिल हैं।
- एक लोकप्रिय मान्यता के अनुसार, बावड़ी (1321-22सी.ई.) ईस्वी में हजरत निजामुद्दीन के जीवनकाल के दौरान बनाई गई थी।
- कलान मस्जिद का निर्माण 1387 ईस्वी में फिरोज शाह तुगलक के प्रधान मंत्री खाने जहान जुनान शाह द्वारा किया गया था। उसके बारे में कहा जाता है कि उसने दिल्ली में ऐसी ही सात मस्जिदें बनवाई थीं।
- अकबर की धाय मॉ जीजी अंगा के पति अतगा खान का मकबरा सफेद संगमरमर और लाल बलुआ पत्थर में मुगल वास्तुकला का एक उत्कृष्ट उदाहरण है। यह मकबरा दरगाह परिसर के पूर्व में स्थित है।ग़ालिब अकादमी से एक संकरी गली परिसर की ओर जाती है,श्रद्धालुओं को सामग्री बेचने वाली दुकानों से होते हुये मुख्य पथ बाईं ओर जाता है, जबकि मकबरे का प्रवेश द्वार सीधे आगे स्थित है।
- चौसठ खम्भा मकबरा, अतगा खान और जीजी अंगा के बेटे मिर्ज़ा अज़ीज़ कोकलताश की है। वह अकबर का पालक भाई था, और इस तरह 'कोकलताश' नाम से जाना जाता था। मकबरे का निर्माण वर्ष (1623-24सी.ई.) ईस्वी में किया गया था। इस ढांचे को चौसठ स्तंभों के नाम पर रखा गया है जो सभाभवन (हॉल) की छत को सहारा देते हैं।
- मिर्ज़ा ग़ालिब के मकबरे की कब्र गालिब अकादमी से सटे एक बड़े खुले आंगन मेंस्थितहै। चौसठ खम्भा इसके पूर्व में स्थित है।
- फूलवाली गली का मेहराबदार रास्ता मूल अहाते की दीवार से बचा हुआ एक मात्र प्रवेशद्वार है जो कभी बस्ती को घेरता था।

- बाराखम्भा मकबरा मुख्य सड़क के किनारे स्थित है जो सब्ज बुर्ज से लोदी मकबरों की ओर जाता है। यह संरचना निजामुद्दीन पुलिस स्टेशन के बगल में है और चारों तरफ दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) पार्क से घिरा हुआ है।
- तिलंगानी का मकबरा: मकबरा दिल्ली के पहले अष्टकोणीय मकबरों में से एक है,बाद के उदाहरणों में मोहम्मद शाह सैय्यद और ईसा खान का मकबरा शामिल हैं।
- लालमहल: यह इमारत भारत का सबसे पुराना अस्तित्व वाला इस्लामी राजभवन है।यह भारत में गुंबद और वास्तविक मेहराब (ट्रू आर्च) का उपयोग करने की संरचना केरूप में भी जाना जाता है

6.1 स्मारकों की संवेदनशीलता: (जैसे विकासात्मक दबाव, शहरीकरण, जनसंख्या दबाव, आदि):

निज़ामुद्दीन बस्ती में स्मारकों को बस्ती में तेजी से और बेतरतीब शहरी विकास के कारण भयंकर खतरा है, क्योंकि इसमें दिल्ली की तुलना में लगभग 6 गुना जनसंख्या घनत्व है। यह सेवाओं के प्रावधान, आवासीय आबादी के लिए सुविधाओं पर सीधा प्रभाव डालता है। इसके अलावा, बस्ती का हर दिन न्यूनतम 8000 लोगों द्वारा भ्रमण किया जाता है, जो सेवाओं और स्थान की दृष्टि से बहुत कम पड़ता है।

उच्च जनसंख्या घनत्व, असुरक्षित निर्माण और खराब गंदे नाले आसपास के स्मारकों पर नकारात्मक प्रभाव डालते हैं।अतगा खान के मकबरे का प्रांगण और प्रवेशद्वार और चौसठ खम्भा अक्सर कचरे से भरे होते हैं। यह न केवल आगंतुकों को हतोत्साहित करता है बल्कि स्मारक को भी नुकसान पहुंचाता है। इसी तरह, इन दो स्मारकों की बाहरी संलग्नक दीवारों का उपयोग करके कई घर बनाए गए हैं। अतगा खान के मकबरे की संरचना पर अद्वितीय संगमरमर जड़ाऊ और टाइल का काम है और पश्चिम में अहाते की दीवार को गंभीर रूप से क्षतिग्रस्त और उसमें तोड़ फोड़ की गयी है।

इसी तरह की समस्याएं बावड़ी, दरगाह, बाराखम्भा मकबरे और क्षेत्र की अन्य विरासत संरचनाओं में देखी जाती हैं। अनियोजित विकास को नियंत्रित करने और क्षेत्र में स्वच्छता में सुधार के लिए उपाय करना आवश्यक है।

6.2 संरक्षित स्मारक अथवा क्षेत्र से और विनियमित क्षेत्र से दिखाई देने वाला दृश्य:

